हडको/लिस्ट.कंप./एसई/2024-2025 22 जनवरी, 2025

लिस्टिंग विभाग	लिस्टिंग विभाग
बीएसई लिमिटेड	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
फ़िरोज़ जीजीभॉय टावर्स	एक्सचेंज प्लाज़ा, सी -1 , ब्लॉक जी,
दलाल स्ट्रीट	बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई- 400001	मुंबई - 400051
स्क्रिप कोड- 540530	एनएसई सिम्बल - हडको

विषय: बोर्ड की बैठक के परिणाम

महोदय/महोदया,

निदेशक मंडल ने बुधवार, 22 जनवरी, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित विषयों पर भी विचार किया और स्वीकृति प्रदान की:

i) **31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

हम 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (स्टैंडअलोन और समेकित) और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अनुसार सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा दी गई सीमित समीक्षा रिपोर्ट और अन्य लागू प्रकटीकरणों के साथ संलग्न कर रहे हैं। इन परिणामों की समीक्षा बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और 22 जनवरी, 2025 को आयोजित अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.hudco.org.in पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ii) **वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम लाभांश की घोषणा और रिकॉर्ड तिथि का निर्धारण**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य पर 2.05 रुपये प्रति इक्विटी शेयर, यानी 20.50% (टीडीएस की कटौती के अधीन) के अंतरिम लाभांश की घोषणा और अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 को रिकॉर्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया गया।

अंतरिम लाभांश के भुगतान की प्रक्रिया घोषणा के 30 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

iii) **वित्तीय वर्ष 2024-25 की मौजूदा उधार योजना/ कार्यक्रमों का विस्तार**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मौजूदा उधार योजना/कार्यक्रम को 40,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 55,000 करोड़ रुपये किया जाएगा, बशर्ते कि किसी भी दिए गए समय पर बकाया उधार की राशि शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित समग्र उधार सीमा से अधिक न हो।

iv) सहयोगी कंपनी इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड (आईबीएचएल) को छोड़ने का प्रस्ताव

इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड (एसोसिएट कंपनी) को छोड़ने का प्रस्ताव । इस संबंध में तौर-तरीकों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। तदनुसार, 11 नवंबर 2024 के सेबी मास्टर सर्कुलर के अनुसार आवश्यक विवरण उचित समय पर सूचित किए जाएंगे।

v) श्री एल.वी.एस. सुधाकर बाबू, ईडी (वित्त) की मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में नियुक्ति

श्री एल.वी.एस. सुधाकर बाबू, ईडी (वित्त) को कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में नामित किया गया है। 11 नवंबर, 2014 के सेबी मास्टर सर्कुलर के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार आवश्यक अन्य विवरण इस प्रकार हैं।

क्रम सं.	**विवरण**	
1.	संशोधन के कारण अर्थात नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति, त्यागपत्र, निष्कासन, मृत्यु या अन्य।	श्री एल.वी.एस. सुधाकर बाबू, ईडी (वित्त) को कंपनी का प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) नियुक्त किया गया है।
2.	नियुक्ति / पुनर्नियुक्ति / समाप्ति की तिथि (जैसा लागू हो) और नियुक्ति / पुनर्नियुक्ति की अवधि	22 जनवरी, 2025 उनकी नियुक्ति की शर्तें कंपनी में उनके ग्रेड के कर्मचारियों पर लागू शर्तों के अनुसार होंगी।
3.	संक्षिप्त प्रोफ़ाइल	श्री एल.वी.एस. सुधाकर बाबू, 56 वर्षीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर हैं और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमए) के एसोसिएट सदस्य हैं। हडको में विभिन्न पदों पर लगभग 31 वर्षों का समृद्ध और विविध पेशेवर अनुभव उनके पास है, जैसे संसाधन मोबिलाइजेशन , बैंकिंग और निवेश, कॉर्पोरेट वित्त, व्यवसाय मोबिलाइजेशन, निरानी और वसूली। उन्होंने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों में क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है, जिसने हडको के व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

4.	निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण	लागू नहीं

बोर्ड की बैठक दोपहर 12.00 बजे मध्याहन (भारतीय समय के अनुसार) शुरू हुई और अपराहन 2.28 बजे (भारतीय समय के अनुसार) समाप्त हुई।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद

भवदीय
फॉर हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

विकास गोयल
कंपनी सेक्रेटरी एंड कंप्लायंस ऑफिसर

संलग्नक : यथोपरि